कोलकाता, मंगलवार
21.11.2017
मार्गशीर्ष शुक्ल 3 संवत 2074
पृष्ठ 12, मूल्य : ₹ 5
शिल्पांचल संस्करण
वर्ष : 18, अंक : 317
रजिस्ट्रेशन : WBHIN/2000/2711

अखबार नहीं आंदोलन

# प्रभात खबर

prabhatkhabar.com
कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । सिलीगुड़ी । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित

स्पोर्ट्स
लक्ष्य हासिल करने के लिए शरारतें छोड़ी... 10





# रंग-विरंगी भारतीय संस्कृति उतर आयी डीपीएस के 'वार्षिक कार्निवल' में

- सारेगामापा की फाइनेलिस्ट सोहिनी मुखर्जी ने बहायी सुर संगीत की रस-गंगा
- विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले छात्र को मैनेजिंग ट्रस्टी ने किया सम्मानित

संवाददाता ▷ आसनसोल

दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) स्कूल परिसर में आयोजित 'वार्षिक कार्निवाल' का उद्घाटन स्कूल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया. सांस्कृतिक अनुष्ठान की शुरूआत श्रीगणोश व मां सरस्वती की वंदना के साथ हुयी.

विद्यालय प्रांगण सम्पूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व करता सा प्रतीत हो रहा था. अनेकता में एकता का सुंदर सामंजस्य देखते ही बनता था. विभिन्न प्रांतों यथा - महाराष्ट्र, असम, पश्चिम बंगाल, जम्मू एवं कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, पंजाब से संबंधित स्टॉल्स में छात्नों की रचनात्मक प्रतिभा पूरी स्पष्टता के साथ मौजूद थी. विद्यालय अक्षर ज्ञान-केंद्र होने के साथ व्यावहारिक ज्ञान का भी केंद्र होता है, इसे अक्षरशः सत्य सिद्ध करते हुए छात्नों ने तत्परता से अपने-अपने स्टॉल की विशिष्टता अभिभावकों को समझाते रहे. अलग -अलग प्रान्तों की रंग-बिरंगी वेशभूषा में छात्न विद्यालय के वातावरण को रंगमय कर रहे थे. कार्निवाल में शामिल नौनिहालों ने विभिन्न खेलों के साथ-साथ टॉयट्रेन एवं झूलों का भी आनंद उठाया.



दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं सरस्वती वंदना पेश करते.

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा तो निराली ही थी. छात्नों ने भिन्न-भिन्न प्रांतों के नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. ायन और मधुर संगीत के सम्मिश्रण का भी श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया. सा-रे-गा- मा-पा की प्रतिभागी (फाइनेलिस्ट)

सोहिनी मुखर्जी की प्रस्तुति ने पूरे परिवेश को सुर लहरियों में डुबो दिया. दिल्ली पब्लिक स्कूल की संगीत अध्यापिका तानिया मुखर्जी (सा-रे-गा-मा-पा की ही टॉप 10 फाइनेलिस्ट) के मधुर स्वरों ने सभी को संगीतमय कर दिया. अभिभावकों ने भी प्रस्तुति देकर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की.

ट्रस्टी श्री गोयनका ने 'मैथ्स ओलिम्पयाड' में 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर' पर प्रथम रहे द्वितीय कक्षा के वेदांत गाधियान को दस हज़ार रु पये, राज्य स्तरीय 'कराटे' प्रतियोगिता में प्रथम एवं जिला स्तरीय 'गोला फेंक' प्रतियोगिता में द्वितीय रहे नौवीं कक्षा की अंविता चटर्जी को क्र मशः पांच हज़ार एवं सात-सात हज़ार रु पये और जिला स्तर पर ही 'चेस' में द्वितीय रही सातवीं की राजनंदिनी शाह को पांच हज़ार रु पये नकद देकर सम्मानित किया. स्कूल के प्रिंसिपल आरडी शर्मा ने प्रोग्रेस रिपोर्ट तथा भविष्य की रु परेखा प्रस्तुत की. उन्होंने कहा कि दो सप्ताह में ही अगले सत्न के लिये 80 से अधिक प्रवेश पंजीकरण हो चुके हैं.